098981

14203

Reg. No. | | | | | | | | |

II Semester B.B.A/B.H.M/B.B.A.M. Degree Examination, September- 2021

HINDI

Kavitha, Vanijya Patra Aur Anuvad

Paper-II

(CBCS Semester Repeaters 2016-17to 2018-19 Batch Onward Scheme)

Time : 3 Hours **Maximum Marks : 70**

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए। **(10×1=10)**

1. कवि बिहारी के अनुसार किसके प्रतिबिम्ब को मन में बसाना चाहिए?
2. तीनों लोक में हमारे सहायक कौन हैं?
3. त्याग की ज्वाला में किसने प्रबोध संधान किया है?
4. यह संसार मनुष्य के लिए क्या है?
5. कवि नागार्जुनजी किसे प्रणाम करते है?
6. महादेवी वर्मा के अनुसार किसका नर्तन सुन्दर है?
7. स्वर्ग शीश धरकर किस पर सोया है?
8. किनकी हँसी हमें बड़ी प्यारी लगती है?
9. आदमी की रगों में क्या छुपी होती है?
10. 'नर्तन'-कविता के कवि का नाम लिखिए?

II. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए: **(1×6=6)**

अ) समै समै सुन्दर सबै, रुपु कुरुपु न कोई।
मन की रुचि जेती जितै, तित तेती रुचि होइ।।

(अथवा)

जहाँ जमजातना, घोर नदी, भट कोटि जलच्चर दंत टेवैया।
जहाँ धार भयंकर, वार न पार, न बोहितु नाव न नीक खेवैया।।
तुलसी जहँ मातु-पिता न सखा, नहिं कोउ कहुँ अवलंब देवैया।
तहाँ बिनु कारन रामु कृपाल बिसाल भुजा गहि काढ़ि लेवैया।।

P.T.O.

आ) संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए: (1×6=6)

जगन्नियंता की इच्छा से यह संसार बना है।
उसकी ही क्रीड़ा का रुपक यह समस्त रचना है।
है यह कर्मभूमि जीवों की यहाँ कर्मच्युत होना।
धोखे में पड़ना अलभ्य अवसर से है कर धोना।।

(अथवा)

युग है पलकों का उन्मीलन,
स्पंदन में अगणित लय–जीवन,
तेरी श्वासों में नाच–नाच
उठता बेसुध जग सचराचर!

III. किसी एक कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषतांए समझाइए। (1×12=12)

1) बुद्ध देव।

2) उनको प्रणाम।

IV. किसी एक कविता पर टिप्पणी लिखिए: (1×6=6)

1) हिमाद्रि।

2) जीवन भूमि का युद्ध।

V. पत्र लिखिए (कोई दो) (2×10=20)

1) वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली से आपने किताबें मंगवाई थी। खराब संवेष्ठन के कारण आपको रु 20,000/– का नुकसान हुआ है। नुकसान की भरपाई हेतु एक शिकायती पत्र लिखिए।

2) सुरज वस्त्रालय न.276 गाँधीनगर, अहमदाबाद को सामान भेजे पाँच महीने हो गए हैं लेकिन अभी तक उसका भुगतान नहीं हुआ है। शीघ्र भुगतान करने के लिए एक पत्र लिखिए।

3) आपने अपनी दुकान का नेशनल इन्श्योरेन्स कम्पनी, महात्मा गाँधी रोड़, बेंगलुरु से आठ लाख रुपये का बीमा कराया था। आग लगने से दुकान क्षतीग्रस्त हो गया। क्षतिपर्ति के लिए एक पत्र लिखिए।

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिए: **(10×1=10)**

1) Parallel
2) Quantity
3) Raid
4) Safe guard
5) Scarcity
6) Talented
7) Unanuthorized
8) Vacancy
9) Technical Training
10) Recognition